श्रीमती रेखा आर्य, मा॰ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की

आज 6 नवम्बर 2020 को पशुपालन निदेशालय, देहरादून में श्रीमती रेखा आर्य, मा॰ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तराखंड सरकार ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में मा॰ राज्यमंत्री जी ने विभागों में नियुक्तियों, स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम विभाग का आउटकम एवं उसका आंकलन, राज्य में मुख्य पशुजन्य उत्पादों की लक्ष्य पूर्ति (जैसे-दुग्ध, अंडा,मांस, ऊन उत्पादन), नस्ल सुधारीकरण, केंद्र पोषित योजनाओ की प्रगति रिपोर्ट (जैसे-बद्री गाय, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, वीर्य उत्पादन केंद्र, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना की प्रगति रिपोर्ट), लिंग वर्गीकृत वीर्य स्ट्रा की उत्पादन, बकरी इकाइयां, हिमालयन गॉट मीट, पशु बीमा व पशु टैगिंग आदि प्रदेश में चल रहे विभागीय योजनाओ और व्यवस्थाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की साथ ही संपूर्ण प्रदेश में जो भी योजनाएं चल रही है उन्हें सुचारू एवं द्रुत गति से चलाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।